**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 06 मई, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज विधानसभा सदस्य श्री सरयू राय ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री राय ने जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमिटी को जमशेदपुर इंडस्ट्रियल एरिया कमिटी में परिवर्तित करने के निर्णय की ओर राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि उक्त निर्णय अत्यंत जल्दबाज़ी में लिया गया प्रतीत होता है तथा इसमें तकनीकी एवं वैधानिक पहलुओं की उपेक्षा की गई है।

==============================================

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज बिहार आई बैंक ट्रस्ट की सचिव डॉ. प्रोन्नति सिन्हा एवं ट्रस्ट के अन्य प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल महोदय को ट्रस्ट की अद्यतन गतिविधियों एवं नेत्र उपचार से जुड़ी विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

================================================

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो समाज, सिमडेगा के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की एवं राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2011 में सिमडेगा जिले में तत्कालीन उप विकास आयुक्त द्वारा भाषा के आधार पर खड़िया समाज का त्रुटिपूर्ण सर्वेक्षण किए जाने के मामले की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से TAC में इस समाज को यथोचित प्रतिनिधित्व प्रदान किए जाने का भी आग्रह किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री केशव कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की एवं अपनी लिखित पुस्तक राज्यपाल महोदय को भेंट की।

---

(5) माननीय राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के पूर्व सिंडिकेट सदस्य श्री गुंजन मरांडी ने राज भवन में भेंट की। भेंट के क्रम में श्री मरांडी ने राज्यपाल महोदय का ध्यान विश्वविद्यालय में छात्र हितों की अनदेखी तथा भ्रष्टाचार की ओर आकृष्ट कराया। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में पुस्तकालय अध्यक्षों की नियुक्ति के विषय में भी आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुरोध किया।

---

(6) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष श्री मनोज कुमार चौधरी ने राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय से उन्होंने विश्वविख्यात छऊ नृत्य से जुड़े राष्ट्रीय नृत्य कला केंद्र, सरायकेला में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने सरायकेला क्षेत्र में रेलवे नेटवर्क से जुड़ी समस्याओं की ओर भी राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया।

---

(7) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज लोक जनशक्ति पार्टी के एक शिष्टमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष श्री राज कुमार राज के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्य सरकार के मंत्री श्री हफीज़ूल हसन को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने के संबंध में राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन समर्पित किया।

शिष्टमंडल ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि मंत्री श्री हफीज़ूल हसन द्वारा हाल ही में दिए गए वक्तव्यों को संविधान की भावना एवं मर्यादाओं के विरुद्ध बताते हुए, उन्हें सार्वजनिक जीवन एवं संवैधानिक पद की गरिमा के प्रतिकूल बताया है। इस संबंध में उन्होंने राज्यपाल महोदय से पहल किए जाने का अनुरोध किया।

---

(8) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय ने अपने हाल ही के विदेश भ्रमण के दौरान राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए किए गए प्रयासों के बारे में राज्यपाल महोदय को अवगत कराया। उक्त अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी व विधानसभा सदस्य श्रीमती कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं।

---